☎: 0551 2257138
2257570

गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर - 273015

पत्रांक ....

दिनांक 14 / 06 / 16

प्रेस विज्ञप्ति

विश्व रक्तदाता दिवस जो प्रत्येक वर्ष 14 जून को पूरे विश्व में एक अभियान के रुप में चलाया जाता है, इसका आयोजन गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में बडे ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह दिवस प्रति वर्ष कुछ ना कुछ एक सूक्ती को लेकर पूरे विश्व में मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। इस वर्ष का आवाह्न है–

रक्त हम सबको जोडकर रखता है।

Blood Connect Us All

इस कार्यक्रम में गोरखपुर और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदाता उपस्थित हुए, ये रक्तदाता एक से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। श्री यशपाल सिहं अध्यक्ष गुरुद्वारा प्रबंधक समिति जटाशंकर ने अब तक 53 बार रक्तदान किया है, श्री यशपाल सिहं जी तीन माह की अवधि पूर्ण होते ही ब्लड बैंक पहुँच कर बार– बार रक्तदान करते रहे हैं। कार्यक्रम के आरंभ में रक्तदाताओं को रक्तदान संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां ब्लड बैंक के टेक्निशियन तथा अधिकारियों द्वारा दी गयी। रक्तदान के प्रति जन मानस में फैली नाना प्रकार कि भ्रांतियों को दुर करने तथा किसी भ्रम में न पडकर बढ – चढ कर रक्तदान करने की अपील की गयी।

ऑकडों के अनुसार पूरे विश्व में प्रतिवर्ष लगभग 15 करोड़ रक्त युनिट कि आवश्यक्ता होती है। बडे दुःख का विषय है कि केवल 50% ही इसकी आपूर्ति रक्तदान के माध्यम से हो पाती है, जिसके कारण बहुत सारे रोगि बिना रक्त के ही जुझते रहते हैं अथवा काल के गाल में समा जाते हैं। इस विभीषिका से बचने हेतु रक्तनियामक संस्थाऐं जैसे Red Cross सोसाइटी, विश्व स्वास्थ्य संगठन युनेस्को, इत्यादि संस्थाओं ने एक मुहीम चलाकर विश्व रक्तदाता दिवस के रुप में पूरे विश्व में रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने का कार्य लगभग 20 वर्षों से कर रही है।

गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदाताओं से प्राप्त रक्त की आपूर्ति Thaelisimia, Hemophilia, Aplastic Anemia, Cancer, CRF इत्यादि को बिना रक्त की आपूर्ति की जाती है। इस अवसर पर यशपाल सिहं, संतोष पाठक, प्रिया सिहं, अमर सिहं, गुलमोहर सिहं, सुनिता देवी, इन्दुबाला राय, सहित 34 युनिट रक्तदान किया।

अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र, ट्राफी, तथा कुछ भेंट सम्मान स्वरुप दिए गये। धन्यवाद ज्ञापन रक्दाताओं के प्रतिनिधी के रुप में श्री जगनैन सिहं (नीटु) द्वारा किया गया।

यह सारे कार्यक्रम डा0 अवधेश अग्रवाल (प्रभारी गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक) की देख रेख में किया गया। कार्यक्रम का संचालन टेक्निशियन अमित मिश्रा, राजीव तिवारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी डा0 ममता जायसवाल चिकित्सालय के अधिकारी डा0 मधुसुदन सिहं, डा0 देवी प्रसाद, डा0 राकेश तिवारी, विनोद सिहं नेगी, राजर्षि बंशल तथा स्वैच्छिक रक्तदाता राजेन्द्र सिहं, यशपाल सिहं, जगनयन सिहं, अमर सिहं सहित नगर के तमाम प्रबुध वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

Awdhesh

डा0 अवधेश अग्रवाल
उप मुख्य चिकित्साधिकरी एवं ब्लड बैंक प्रभारी
गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ
गोरखपुर